दैनिक जलते दीप
RNI NO. 72052/99

आवासन मंडल में वर्षों बाद विभिन्न संवर्गों के 286 पदों पर हुई पदोन्नतियां

आवासन बोर्ड में सभी संवर्गों में पदोन्नतियां किए जाने पर कर्मचारी संघ द्वारा मण्डल प्रशासन और आयुक्त का जताया आभार

जलतेदीप कार्सा, जयपुर

राजस्थान आवासन बोर्ड में वर्षों बाद माह जून में ही सभी संवर्गों के अधिकारियों, कर्मचारियों की पदोन्नति करने पर राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ द्वारा मंगलवार को आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा से मिलकर मण्डल प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया। संघ के प्रान्तीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह रमाणा ने बताया कि वर्षों बाद मण्डल में जून माह में ही संवर्गों के कर्मचारी, अधिकारियों की पदोन्नतियां कर दी गयी है। तकनीकी संवर्ग में आवासीय अभियन्ता पद पर वर्षों बाद पदोन्नतियां की गयी है। इसी तरह लेखा संवर्ग में वरिष्ठ लेखाधिकारी से कनिष्ठ लेखाकार, प्रशासनिक संवर्ग में सहायक आवासन अधिकारी से कनिष्ठ सहायक तक एवं ड्राइंग संवर्ग में सहायक नगर नियोजन से कनिष्ठ प्रारूपकार तक सभी पदों पर पदों की उपलब्धता के अनुसार सभी कार्मिकों की पदोन्नतियां कर दी गयी है। इसलिए राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ द्वारा आवासन आयुक्त को पुष्पगुच्छ भेंटकर आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि मंडल में वर्षों बाद विभिन्न संवर्गों में 286 पदों पर पदोन्नतियां हुई हैं।

इनमें उप आवासन आयुक्त 34, आवासीय अभियन्ता 134, वरिष्ठ लेखाधिकारी 2, लेखाधिकारी 6, सहायक लेखाधिकारी- प्रथम 14 सहायक लेखाधिकारी- द्वितीय 1, कनिष्ठ लेखाकार 3 सहायक आवासन अधिकारी 6, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी 15, सहायक प्रशासनिक अधिकारी 29 सहायक नगर नियोजक 2, नगर नियोजक सहायक 3, वरिष्ठ प्रारूपकार 3, कनिष्ठ सहायक 22, निजी सचिव 2, अतिरिक्त निजी सचिव 7 और जमादार 3 की पदोन्नतियां हुई।